दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 303 मुरादाबाद 01 March 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## गोरखपुर में CM योगी के रोड शो में उमड़ी भीड़, भगवामय हुईं सड़कें, घरों से फूल बरसा रहे लोग

यूपी विधानसभा चुनाव के छठें चरण के लिए कल चुनाव प्रचार खत्म हो जाएगा। इसके पहले आज सीएम योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में रोड शो कर रहे हैं। सीएम योगी के रोड शो में भगवामय हुई सड़कों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ है। सीएम योगी के साथ रथ पर सांसद रविकिशन, विधायक ग्रामीण विपिन सिंह और विधायक सदर डा.राधा मोहन दास अग्रवाल भी सवार हैं। रोड शो टाउन हॉल से शुरू हुआ है। रोड शो को रेती चौक से नखास, बक्शीपुर, आर्य नगर होते हुए विजय चौराहे तक जाना है। भाजपा कार्यकर्ता नाचते-गाते आगे बढ़ रहे हैं। रोड शो देखने के लिए लोग अपने घरों की बालकनी और छतों पर आ गए हैं। कई लोग परिवार सहित बालकनी में खड़े होकर रोड शो पर फूल बरसा रहे हैं। बैकग्राउंड में यूपी चुनाव के लिए भाजपा का कैम्पेन सांग आएंगे तो योगी ही... बज रहा है। सांसद रविकिशन लगातार माइक से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा रहे हैं। सीएम योगी के ठीक बाईं ओर गोरखपुर ग्रामीण क्षेत्र से प्रत्याशी विपिन सिंह हाथ जोड़े खड़े हैं। दाहिनी तरफ नगर



विधायक डा.राधा मोहन दास अग्रवाल मौजूद हैं। भाजपा ने इस रोड शो के लिए काफी तैयारी की थी थी जिसका असर आज नज़र भी आ रहा है। गौरतलब है कि हाल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी गोरखपुर में रोड शो किया था।

### अमित शाह का कार्यक्रम हुआ स्थगित

पहले इस रोड शो में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी रहना था लेकिन बाद में उनका कार्यक्रम स्थगित हो गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने रोड शो से पहले खजनी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को सम्बोधित किया।

चुनाव हो चुके हैं और रूझान स्पष्ट है, भाजपा पूर्ण बहुमत से आगे चल रही है। छठे और सातवें चरण में हम केवल छक्का लगाने के लिए तैयार हैं।

## बलिया में बोले पीएम - 'यहां से मेरा भावुक रिश्ता, उज्वला को दिशा दिखाई थी'

बलिया- पूर्वांचल के बलिया जिले में छठवें चरण में तीन मार्च को मतदान होना है। इस लिहाज से बलिया जिले में सियासी घमासान पूर्वांचल के अन्य जिलों की अपेक्षा अधिक है। सोमवार को बलिया जिले में पीएम नरेन्द्र मोदी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बलिया दोपहर बाद भाजपा के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे। प्रधानमंत्री शहर से सटे माल्देपुर गांव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे तो लोगों ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया। पीएम का हेलीकाप्टर दोपहर करीब तीन बजे हेलीपैड पर उतरा तो पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहीं मंच पर पीएम पहुंचे तो जन समूह का हाथ उठाकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री का दोपहर बाद मंच पर आगमन हुआ तो पहले सभी का अभिवादन किया, उसके बाद जनता का अभिवादन कर उनको प्रणाम किया। इस दौरान मंच पर पार्टी की ओर से उम्मीदवार भी मौजूद रहे। दरअसल जिस मैदान पर पीएम नरेन्द्र मोदी की जनसभा थी वहीं से उन्होंने उज्जवला योजना की शुरुआत की थी, लिहाजा यहां से उनका विशेष नाता



भी रहा है।

बोले पीएम - पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बागी बलिया की मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है। आपका आशीर्वाद मैं विकास करके लौटाऊंगा। यह चंद्रशेखर जी की धरती है। उत्तर प्रदेश में पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं। पश्चिम से पूरब तक यूपी की जनता ने घोर परिवारवाद को नकार दिया है। विकास के हाइवे पर रफ्तार भर ली है। बलिया, पूर्वांचल व यूपी का विकास मेरा कर्तव्य और प्राथमिकता है। यूपी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं गरीब की सेवा करने का मैं संकल्प लेकर चल पड़ा हूं। विकास के हर काम पर ध्यान दिया जा रहा है। परिवार वादियों ने यूपी की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया था। बलिया के कारोबारी का पैसा गुंडे छीनकर ले जाते थे। अब करोबार सुरक्षित है। महिलाओं को गुंडे बदमाशों का डर नहीं है। परिवार वादियों ने सिर्फ अपनी तिजोरी भरी, विकास पर ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकार ने बीते पांच वर्ष में कई नई सड़के बनाई है।

बिजली सप्लाई में बहुत पक्षपात होता था। यहां के लोगों का दर्द मैं समझता हूं। आज बलिया में ज्यादा बिजली आ रही है। आपके प्यार का कर्ज मैं कभी उतार नहीं सकता है। बलिया से मेरा भावुक रिश्ता है। उज्वला को दिशा इसी बलिया ने दिखाई थी। सरकार गर्भवती माताओं के लिए मातृ वंदना योजना चला रही है। 10 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। गरीबों व दलितों के बच्चों के लिए स्कालरशिप बढ़ाई गई है। हमारी सरकार ने पूरा ध्यान दिया है। कौशल विकास योजना से ट्रेनिंग दी जा रही है। गांव व गरीब के युवाओं को बिना गारंटी बैंक से मदद देने का काम किया है। मुद्रा योजना का लाभ गरीब बेटियों को अधिक मिला है। गरीब के पास पक्का घर हो इसके लिए पीएम आवास योजना शुरू की है। यूपी में 34 लाख पक्के घर गरीबों को बनाकर दिए गए हैं। बीमारी के लिए गरीब का साथी बनी हैं। आयुष्मान योजना के माध्यम से पांच लाख के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गयी है। आजादी के इतने साल के बाद गरीब माताओं की मदद करनी चाहिए। भाजपा की सरकार मदद में जुटी है। पांच लाख तक के बीमारी के लिए खर्च मोदी ने उठाना तय किया है। सरकार ने हर जिले में जन औषधि की दुकान खोली है, ताकि गरीबों को सस्ते दर पर दवाएं मिल सके। देश मे किसानों की बात करने वाले बहुत हो गए हैं।

छोटे किसानों की बात कोई नहीं करता है। इनकी चिंता कौन करेगा। मैं जब तक आपकी सेवा करता रहूंगा, मैं आपका विकास करता रहूंगा। पहले घर के पैसे भी गरीबों को देने के लिए तैयार नहीं थे। जो विकास के रोड़े अटकाते हैं, उन्हें सरकार में मत लाना। 10 मार्च को फिर भाजपा की सरकार उत्तर प्रदेश में बनने जा रही है। हम यह नहीं देखते की कौन किस जाति का है। सबको उसका हक दिया जाता है। कोरोना संकट से हर देश जूझ रहा है। इस महामारी से सरकार लड़ रही है। 15 करोड़ गरीबों को सरकार ने मुफ्त राशन दिया है। इस मुसीबत में गरीब के बच्चों को भूखा नहीं सोना पड़े। आज वैक्सीन यूपी के करोड़ों लोगों का जीवन बचा रही है। टीका के लिए किसी को कोई पैसा नहीं देना पड़ा। बलिया व पूर्वांचल के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है। घोर परिवार वादियों को पटखनी देनी है।

## मंदिर नहीं, चिलम में हवन, ओम प्रकाश राजभर का सीएम योगी पर निशाना

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पांच फेज की वोटिंग हो चुकी है। अब अंतिम दो चरणों से पहले चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है तो नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी चल रही है। अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ( सुभासपा ) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विवादित कॉमेंट किया है। राजभर ने एक ट्वीट में कहा है कि योगी गम भुलाने के लिए चिलम में हवन करना चाहते हैं। राजभर ने ट्विटर पर लिखा, ''5 चरणों के चुनाव के बाद बाबा अपने गम को भुलाने के लिए मंदिर में हवन करने की बजाय चिलम में हवन करने की सोच रहे हैं।'' 2017 में बीजेपी के साथ चुनाव लड़कर योगी सरकार में मंत्री



बने राजभर इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी से अलग होने के बाद से ही वह सीएम योगी को लगातार निशाने पर रखते आए हैं। पिछले दिनों उन्होंने यहां तक कह दिया था कि सीएम योगी आदित्यनाथ उनकी हत्या कराना चाहते हैं।

### अखिलेश भी भाषणों में करते हैं धुएं का जिक्र

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी सीएम योगी आदित्यनाथ पर चिलम पीने का आरोप लगाते हुए अपनी हर चुनावी रैली में कहते हैं कि उन्होंने सीएम आवास से धुआं निकलते देखा है। वह कहते हैं कि सीएम आवास में धुएं के धब्बे हटाने के लिए पुताई वालों को बुलाया गया है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## कमालगंज साइकिल से जा रहे आलू व्यापारी को डग्गामार बस ने कुचला




हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- कमालगंज साइकिल से जा रहे आलू व्यापारी को डग्गामार बस ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी बस चालक मौके से फरार हो गया पुलिस नें बस को कब्जे में ले लिया थाना जहानगंज के कदरापुर निवासी 65 वर्षीय बजेदार आलू का व्यापार करते थे वह सोमवार को अपने गाँव से कमालगंज कोल्ड में जा रहे थे उसी दौरान थाना कमालगंज के पेट्रोल पम्प के निकट पीछे से आ रही विमल बस सर्विस की बस नें उन्हें पीछे से कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत होगयी घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गय जबकि बस को पुलिस नें कब्जे में ले लिया घटना के सम्बन्ध में मृतक के पुत्र यूनस नें पुलिस ने तहरीर दी दारोगा रामलखन नें शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया

### तेज रफ्तार अनियंत्रित डबल डेकर बस ने साइकिल सवार को सामने से मारी टक्कर

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- तेज रफ्तार अनियंत्रित डबल डेकर बस ने साइकिल सवार को सामने से मारी टक्कर साइकिल सवार अधेड की घटना स्थल पर हुई मौत सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची चतुर्वेदी बस सर्विस से लगातार होती हैं दुर्घटनाएं पुलिस व एआरटीओ की मिलीभगत से बस माफिया बिमल चतुर्बेदी बेखौफ पुलिस 112 मौके पर पहुंचकर बस को हिरासत में लिया मौके से चालक फरार थाना कमालगंज क्षेत्र के महेश्वरी फिलिंग स्टेशन के सामने का मामला

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी माता पिता ने हत्या करने का लगाया आरोप

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर क्षेत्र केअन्तर्गत हरदत्त नगर गिरन्ट निवासी उपरोक्त ननकऊ की शादी 10 माह पहले बहराइच जिले के थाना नवाबगंज क्षेत्र के बैदौरा सिरसिया निवासी 19 वर्षीय रेशमा पुत्री शब्बीर से हुई थी। संदिग्ध परिस्थितियों में रेशमा की मौत हो गई, और उसका शव उसके बेडरूम में लटकता हुआ पाया गया। मायके वालों द्वारा मल्हीपुर थाने में सूचना दी तथा आरोप लगाते हुए कहा जनपद बहराइच थाना क्षेत्र नवाब गंज केअन्तर्गत मजरा तुराब गांव का बरसाती पुत्र सैयद व जमरूला पुत्री साकिर निवासी गिरंट बाजार मृतका के ससुरालियों पर दहेज के खातिर मार डालने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्षहर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की ओर से तहरीर मिली हैशव को पंचनामा भर कर कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है तथा जांच की जा रही है।

## मतगणना कार्मिक लेंगे प्रशिक्षण, एक टेबल पर एक ही एजेंट



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। दो मार्च को कार्मिकों को पहला रेडमांइजेशन होगा। इसके बाद पांच मार्च को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसको लेकर तैयारी हो चुकी हैं। 10 मार्च को धनीपुर मंडी में मतगणना होगी। हर विधानसभा में ईवीएम के वोटों की गिनती के लिए 14-14 टेबल लग रही हैं। वहीं, मत पत्रों से वोटों की गिनती के लिए अलग से टेबल लगेंगी। एक प्रत्याशी एक टेबल पर एक एजेंट लगा सकेंगे। हालांकि, एजेंट की सूची 48 घंटे पहले देनी होगी। पुलिस सत्यापन के बाद ही एजेंट की ड्यूटी लगेगी।

## सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के नगर निगम को दिए निर्देश



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बबलू कुमार ने आज महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत आज झारखंडी एवं चैरासी घंटा मंदिर पर पहुंचकर श्रृद्धालुओं हेतु व्यवस्थाओं को देखा तथा आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए उन्होंने सम्पूर्ण परिसर की साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे नही थे वहां पर उन्हें लगाने के निर्देश दिए तथा झारखंडी एवं चैरासी घंटा मंदिर को आने वाले सभी मार्गो को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए ताकि श्रृद्धालुओं को चलने में तथा अन्य किसी प्रकार की समस्या न हो। जिलाधिकारी ने नगर निगम को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के साथ ही प्रकाश व्यवस्था ठीक प्रकार से करने के भी निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने चैरासी घंटा मंदिर पर जलाभिषेक भी किया। इस अवसर पर नगर मजिस्टेªट एमपी सिंह, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## गरीबों के हक में डाका डाल रहा तिंदवारी का कोटेदार

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी वा मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बराबर गरीबों को गरीब कल्याण योजना के माध्यम से दिया जाने वाले राशन पर तिंदवारी का कोटेदार रामबरन गरीबों को मिलने वाले राशन पर घटतोली करके दो तीन किलो राशन की खुली डकैती डालते हुए अपनी दबंगई से गरीब जनता को लुटने का काम कर रहा है। अभी बात इतने में खत्म नहीं होती है इस कोटे दार ने गरीब भोली भाली जनता से लाल राशन कार्ड में मिलने वाली शक्कर राशन कार्ड में चढ़ा दिया मगर दी नही गई । सकी सूचना पर पहुंचे मीडिया बंधुओ ने लोकेशन पर बनाए गए वीडियो से साफ जाहिर है की उक्त कोटेदार किस हद तक जाकर गरीब जनता को लूट रहा है। इस सब का संज्ञान लेकर जब उच्चा अधिकारियो से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो संडे होने की वजह से अधिकारी महोदय से बात नही हो सकी। अब देखने वाली बात है कि ऐसे कोटेदार के खिलाफ कब और किस तरह की कार्यवाई की जाति हैं।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

## अज्ञात कारणों के चलते महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा-बांदा शहर कोतवाली अंतर्गत कालू कुआ रमा वाटिका के पास चार साल पहले परिजनों की मर्जी के विरुद्ध जाकर अपनी मर्जी से शादी करने वाली रचना गुप्ता पत्नी अमित गुप्ता ने अपने घर वालो को मर्जी के खिलाफ जाकर लव मैरिज की थी। जिससे लड़की के मायके वालों ने चार साल से संबंध विच्छेद कर लिए हैं ऐसा मृतका के पति ने बताया ।मगर मृतका के जेठ ने बताया की आए दिन पति पत्नी के बीच आर्थिक तंगी के चलते झगड़े होते रहते थे। बीती रात भी दोनो के बीच में काफी झगड़ा हुआ । परिणाम स्वरूप महिला ने घरेलू हिंसा का शिकार होता देख आत्म ग्लानि के चलते आज सुबह 9.30बजे आत्म हत्या कर ली गई है। मुहल्ले वासियों वा प्रत्यक्ष दर्शियो के मुताबिक महिला का पति द्वारा जरूरी खाने पीने की भी पूर्ति नही कर पा रहा था जिससे आए दिन ग्रह कलेश के चलते आज आत्म हत्या कर ली । मौके पर पहुंची पुलिस फरेशिक टीम शहर कोतवाल नायब तहसीलदार ने मौका मुआयना कर बाड़ी का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

*अन्य खबरों के लिए देखे.*
WWW.KNLSIVE.COM

# रामगंगा के घाट पर कांवड़ियों के लिए विशाल भण्डारे का किया आयोजन



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- गत वर्षो की भांति ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम बढ़ापुर व सरकड़ा विश्नोई के श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी के घाट पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, कांवड़ियों की सेवा में जगह-जगह भण्डारों की व्यवस्था की गई। रविवार वे सोमवार को ग्राम सरकड़ा विश्नोई बढ़ापुर, मलकपुर सेमली, करनपुर, रेहटा माफी, डिलारी में जगह-जगह कांवड़ियों के लिए विशाल टेंट लगाकर शिव के भक्तों के भण्डारे लगाये गए, जिसमें कांवड़ियों की सेवा की गई, भण्डारों में जलपान सहित चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई। समाजिक संगठन वे गाउन के सभी सर मायादार इस अवसर पर बढ़ापुर निवासी रामौतार सिंह विश्नोई, हरिओम सिंह विश्नोई, अशोक कुमार विश्नोई, शिवकुमार विश्नोई, आनंद सिंह विश्नोई, रघुवीर सैनी, रामपाल सिंह विश्नोई, सरकड़ा विश्नोई निवासी लाला नकुल विश्नोई, प्रकृति विश्नोई नारायनदास सैनी, प्रदीप विश्नोई उर्फ गुड्डू, अजय कुमार विश्नोई, दीपक विश्नोई मीरपुर, राजन विश्नोई, आकाश विश्नोई, अमित विश्नोई, मा. विरेन्द सिंह चौहान, जितेन्द्र पोलीन चौहान आदि ने मौजूद रहकर अपनी सेवा दी।

# हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे शिव भक्तों का एक्टिव प्रेस क्लब पत्रकारों ने किया दूध भंडारा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- नगर जसपुर मोड़ एडि ए हॉस्पिटल के सामने एक्टिव प्रेस क्लब की ओर से शिव भक्तों का हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवरियों का एक्टिव प्रेस क्लब के पत्रकारों ने शिव भक्तों का भंडारा लगा कर दूध का लगाया भंडारा भंडारे में शिव के भक्तों की बड़ी संख्या में भीड़ दिखाई दी शिव के भक्त शिव की भक्ति में मगन लीन होकर शिव तीरथ से गंगाजल लेकर लौट रहे हैं शिव के भक्तों ने शिव शिव का जाप जब ते जय भोले की जय भोले की गूंज रही पुकार उधर एक्टिव प्रेस क्लब के सभी पत्रकार गण सारा दिन रात शिव के भक्तों की सेवा में मगन दिखाई दिए एक्टिव प्रेस क्लब का शुभ आरंभ कोतवाली निरीक्षक श्री मोहित चौधरी द्वारा फीता काटकर दूध भंडारे का शिव शिव भक्तों के लिए आरंभ हुआ इस दौरान शहर के सभी हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारे का नजारा यहां देखने में नजर आया सभी पत्रकार शिव भक्ति में मगन शिव के भक्तों की सेवा करते नजर आए यह है हमारे हिंदुस्तान की सभ्यता हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारे का पैगाम पहुंचाते हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए सभी के त्योहारों पर एक दूसरे का सच्चे मन श्रद्धा से साथ देना चाहिए यही है असली इंसानियत मानवता की पहचान सभी सम्मानित गण एक्टिव प्रेस क्लब के अध्यक्ष नईम खान राजा महासचिव अनुराग सिंघल पोस्ट अध्यक्ष अंसार मयूर प्रेस क्लब के महान पत्रकार श्री सतीश चौधरी श्री दीपेश शर्मा इस्लाम सलमानी विवेक ओझा डॉक्टर आफताब आदि मौजूद रहे

# बिलारी में राष्ट्रीय गोरक्षक दल ने कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

मुरादाबाद-हरिद्वार व बृजघाट से पैदल चलकर आ रहे कांवड़ भक्तों का राष्ट्रीय गोरक्षक दल के द्वारा बिलारी महाराणा प्रताप चौक पर फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान



कांवड़ यात्रियों को जलपान भी कराया गया। इस मौके पर भाजपा विधायक प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ऋषिपाल सिंह चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह,जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान,महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर गीता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उत्कर्ष चौहान, सचिन चन्द्रा, पवन शर्मा, दिनेश कुमार, गोपी चन्द, सुमित चौहान, शिवा चौहान आदि मौजूद रहे। सभी ने शिव भक्तों का बिलारी आगमन पर फूल वर्षा कर जोरदार स्वागत करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया।

# ठाकुरद्वारा में प्री बोर्ड परीक्षा देने पहुंचे शत प्रतिशत छात्र



मुरादाबाद-सोमवार को प्री बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन हिंदी की परीक्षा देने के लिए शत प्रतिशत छात्र छात्राएं पहुंचे। कड़ी निगरानी में नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई गई। नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज में सोमवार को कक्षा 10 के 151 और कक्षा 12 के 192 छात्राएं प्री बोर्ड परीक्षा देने के लिए पहुंचे। पहले दिन हिंदी के प्रश्न पत्र की परीक्षा संपन्न कराई गई। प्रधानाचार्य लोकमन सिंह ने कड़ी निगरानी में नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई। शतप्रतिशत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बिलारी में दहेज के लिए की विवाहिता की हत्या

मुरादाबाद-कोतवाली क्षेत्र के गांव ईसापुर में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई। ससुराल पक्ष के लोग शव घर पर छोड़कर भाग गए। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने चारपाई पर लाश पड़ी देखी तो हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके अलावा मृतक के भाई की ओर से दी गई तहरीर पर पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। बिलारी के गांव थावंला निवासी मोजिम हुसैन ने अपनी बहन साबिया का निकाह ईसापुर निवासी जुल्फिकार के साथ 11 माह पूर्व किया था। जुल्फिकार दूध बेचने का काम किया करता था। निकाह के बाद जुल्फिकार व शाबिया के बीच अक्सर विवाद रहा करता था। सुबह छह बजे शाबिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए। सूचना पर शाबिया का भाई मोजिम परिवार के लोगों के साथ घर पहुंचा तो शाबिया का शव चारपाई पर पड़ा था। इसके अलावा मुंह से झाग निकल रहे थे। मौके से ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरी स्थिति का मुआयना किया। बाद में शव का



पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का भाई मोजिम हुसैन कोतवाली पहुंचे। जहां मोजिम ने पति जुल्फिकार, जेठ इंतखाब, जेठानी आरजू शमां, सास जहीदन के अलावा नंद नजराना के विरुद्ध दहेज हत्या की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के पूरे कारणों का पता चलेगा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Weather strike

Every year in the month of May-June, such news and pictures come from Nainital that the water of the famous lake there is drying up and its water level has reached very low. The same thing happened last year. But after this, when it rained heavily in October, due to the increased water level, there was such a flood that all the previous records were broken.

Recall, a few years ago one such extreme rain occurred in Munnar in South India, which caused huge destruction. This is happening around the world. A few months ago, a similar weather phenomenon occurred on a much larger scale in Brazil, where 175 people lost their lives.

For the last few years, whenever there is extreme rainfall or drought, it is very easily said that all this is the result of global warming. But how global warming contributes to this, it was not very clear, but now some researchers in Australia have got the full understanding of its mystery.

"Scientists were already understanding that the process of evaporation of water accelerated with increase in temperature. But how much it contributed to the extreme weather, it was not clear. In this research, the amount of vaporization of natural water was studied. Interestingly, environmental scientists were involved in this research, but mathematicians were in the lead role. From this it was possible to estimate how much water vaporizes and then how it rains. Scientists came to the conclusion that due to global warming, that process has greatly accelerated, which we call the water cycle. That is, first the water reaches the horizon in the form of steam and then it rains as a cloud from there.

The more water vaporizes due to heat, the more it rains. That is, the more heat, the more rain. This is what is happening all over the world at the moment. 80 percent of the world's water evaporates from the ocean and then rains on it. When salty sea water evaporates, the salt content in it increases and when it rains, it decreases. The researchers also studied the amount of salt in the ocean based on data from 1970 to 2014.

They found that due to the intensification of the water cycle, the sweet water of the earth is reaching the sea in large quantities, due to which the salinity of the ocean is decreasing. Research has found that up to four times more fresh water is reaching the sea than was previously estimated. This is also one of the reasons that we have been reading for a long time about the rising sea level and the drowning of many countries in it.

It is also becoming a cause of water crisis."If the water cycle continues to accelerate, it will affect many of our things, especially agriculture. It has become a great necessity for us to adapt agriculture according to these new requirements. This is also necessary according to our food security and also according to the employment of those farmers, whose livelihood depends on this, about which neither the governments, nor the farmers' organizations are showing much concern. Experts should try to draw everyone's attention in this direction.

ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM


# Rakul Preet Singh was difficult to recognize in this picture, enjoyed like this on Maldives vacation

Bollywood actress Rakul Preet Singh is in a lot of discussion about her personal and professional life. She often shares pictures on her social media handle. Now she has shared a picture of her vacation on her Instagram, in which she is seen chilling by the seaside. This picture was shared by the actress on her Instagram, in which Rakul Preet Singh is seen giving a romantic pose in a sky blue and white black lace dress. At the same time, it is difficult to recognize Rakul Preet Singh in the picture. Sharing this picture on Instagram, he wrote, 'Sometimes we find the right direction in the waves of change. Even before this, she shared many pictures of the vacation on her Instagram, in which she was seen enjoying. Dressed in a color full shrug, she is seen posing on a point on the seashore. At the same time, recently, along with her boyfriend Jackie Bhagnani, had arrived for the look of the Taj Mahal. A video of which went quite viral on social media, in which both of them are seen coming out of the Taj Mahal premises after seeing the Taj Mahal. Rakul Preet's Workfront- If we talk about her workfront, then Rakul is going to be seen in many films back-to-back. The actress will be next seen in 'Production 41', 'Thank God' and Junglee Pictures' 'Doctor Zee' opposite actor Ayushmann Khurrana. She will be seen in the role of a doctor in this film. Apart from this, she will be seen in an important role in John Abraham's Attack and Ajay Devgan's Runway 34. The same Rakul Preet Singh has also completed the shooting of the film Chhatriwali. In this film, she is going to be seen in the role of a condom tester.



# This actress of Khesari Lal Yadav set fire to the sea wearing a bikini, seeing the figure of the actress, the fans said- 'Hot'

Actress Neha Malik, who has appeared in the music videos of Bhojpuri and Punjabi songs, always remains in the headlines due to her boldness. She often wins the hearts of the audience with bold photoshoots. Pictures and videos of Neha Malik also go viral on social media. Once again Neha Malik has shown her very hot and bold style. She has given bold poses wearing a bikini in the sea. Neha Malik herself has shared her hot and bold pictures on social media. Neha Malik is an actress who is always active on social media. She often shares special pictures and videos on social media to get in touch with her fans. Neha Malik has shared her latest bikini pictures and videos on her official Instagram account. In the pictures, Neha Malik is wearing a printed bikini of purple color. Also sun glasses are installed. Neha Malik is also wearing a hat to look beautiful. In this entire look, she is seen getting pictures clicked in a bold style. Neha Malik's perfect figure is being made in the pictures. In the other two videos, Neha Malik is seen wearing a bikini in the sea. She is giving bold poses in the video. All these pictures and videos of Neha Malik are becoming increasingly viral on social media. Fans of the actress are very fond of these pictures and videos. Also giving your feedback by commenting. Many fans and all social media users have praised Neha Malik's hot figure. Also called him hot. Let us tell you that Neha Malik has worked with Bhojpuri superstar Khesari Lal Yadav. She has appeared in his painful song 'Tere Mere Darmiyan'. This song of Neha Malik and Khesari Lal Yadav was released last year, which was well-liked by the fans of both the artists. Apart from this, Neha Malik has won the hearts of the audience with her dance in many Punjabi songs.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# यूक्रेन में फंसे छात्रों की वापसी शुरू हो चुकी है एटा के दो छात्र रवाना

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- यूक्रेन में फंसे छात्रों की वापसी शुरू हो चुकी है। रविवार को यहां के दो छात्र रवाना हो गए। जकारपत्तिया ओब्लास्ट से एटा के कस्बा पिलुआ का छात्र देर रात तक पहुंचेगा। भारत रवाना होते समय छात्रों ने तिरंगे ???? झंडे के साथ फोटो खिंचाकर अपने वतन वापस जाने की खुशी जताई। हालांकि अपनी पढ़ाई को लेकर छात्र चिंतित भी हैं। उधर, डेनिपर में फंसे छात्रों की वापसी को लेकर अभी कोई स्पष्ट समय उन्हें नहीं बताया गया है। जिसे लेकर छात्र चिंतित हैं। जकारपत्तिया ओब्लास्ट से बस द्वारा अन्य छात्रों के साथ रविवार सुबह के समय हंगरी बॉर्डर के लिए पिलुआ के रवि यादव रवाना हुए। सभी भारतीय छात्रों ने तिरंगे ???? झंडे के साथ फोटो खिंचाई और उत्साह के साथ चल पड़े। उन्होंने बताया कि बॉर्डर तक बस से जाएंगे। इसके बाद बुडापेस्ट से भारतीय फ्लाइट मिलेगी। जिसके माध्यम से भारत में वापसी होगी। उन्होंने कहा कि ये खुशी की बात है कि इतने बड़े संकट से हम लोग निकलकर वापस आ रहे हैं, लेकिन ये भी दुख है कि इस सब झंझट में पढ़ाई का नुकसान होगा। यह बहुत प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी है, जिसमें प्रवेश मिलना बहुत मुश्किल होता है। सीवीओ डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि पुत्र शांतनु सिंह ओडेसा में था, जहां हालात ज्यादा खराब हो गए हैं। वह अन्य छात्रों के साथ रविवार को बस द्वारा रोमानिया बॉर्डर पर निकल आया है। वहां से फ्लाइट मिलने में देरी हो रही है। छात्रों की भीड़ बहुत है, जबकि यहां से फ्लाइट काफी कम भेजी जा रही हैं।

# दैनिक पेपर के सम्पादक पर हमले से एटा के पत्रकारों में रोष

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-संयुक्त प्रेस क्लब पर बैठक कर की हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग संयुक्त प्रेस क्लब एटा पर एक आपात बैठक का सुनील मिश्रा ( पी.टी.आई. ) की अध्यक्षता में आयोजन किया गया जिसमें स्वतंत्रता सेनानी मदनलाल हितैषी मार्ग सराय हकीम अलीगढ़ से प्रकाशित दैनिक प्रकाश के प्रधान सम्पादक प्रशान्त हितैषी पर जानलेवा हमले की उपस्थित पत्रकारों ने घोर निंदा करते हुए हमलावर को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग अलीगढ़ प्रशासन से की है।आपको बता दें कि प्रधान सम्पादक प्रशान्त हितैषी जिलाधिकारी कार्यालय से धनीपुर मंडी सुरेन्द्र नगर होते हुए अपने पत्रकार साथियों के साथ आ रहे थे। वह जैसे ही सुरेन्द्र नगर पहुंचे वैसे ही युवक ने बुलट मोटर साइकिल से उनकी मोटरसाइकिल में इरादतन टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। हमलावर युवक द्वारा उनका मोबाइल भी तोड़ दिया गया। इतना ही नहीं युवक अपने 8-10 साथियों के साथ प्रधान सम्पादक पर हमला करने को उतारू हो गया तब किसी तरह से साथी पत्रकारों ने उन्हें वहां से बचाकर निकाला और थाना क्वार्सी पहुंचाकर पुलिस की मौजूदगी में मेडिकल कराया तथा थाना क्वार्सी में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बैठक में संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील मिश्रा, सुधीर सक्सैना दैनिक प्रकाश, मदन गोपाल शर्मा सम्पादक राष्ट्रीय कोहिनूर, प्रमोद लोधी क्रांतिकारी भारत, मोहसिन मलिक अभिमत एशिया, संदीप शर्मा दैनिक परिधि समाचार, दिलीप सक्सैना सम्पादक सूकरक्षेत्र समाचार, आदित्य सक्सैना विशेष ब्यूरो सहित अनेकों समाचार पत्रों के सम्पादक और पत्रकार उपस्थित थे।

# रूस युकरेन युद्ध से घुघरु-घंटी उद्योग की बजी घंटी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-रूस और यूक्रेन युद्ध से बने हालातों के चलते जलेसर के घुंघरू-घंटी कारोबार को भी झटका लगा है। कई देशों में भेजे जाने वाले उत्पादों का निर्यात मंदा पड़ गया है। वहीं नए ऑर्डर मिलना पूरी तरह बंद हो गए हैं। लाखों रुपयों का माल कारखानों में पड़ा है। जलेसर के पीतल उत्पाद देश ही नहीं, विदेशों तक मशहूर हैं। खासतौर से विंड चाइम, घुंघरू और छोटी घंटियों के सामान की विदेशों में अच्छी मांग रहती है। बड़े निर्यातक जलेसर से माल मंगाकर विदेशों में आपूर्ति करते हैं। सबसे अधिक ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों में ये उत्पाद भेजे जाते हैं, लेकिन रूस और यूक्रेन में तनावपूर्ण स्थिति बनने के साथ ही निर्यात प्रभावित होने लगा था। इसके बाद जैसे ही रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो असर और बढ़ गया। यहां के निर्यातक कारोबारियों के मुताबिक जो पुराने ऑर्डर मिले थे, उनका माल बनकर तैयार है, लेकिन परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने की वजह से माल भेज नहीं पा रहे हैं। वहीं नए ऑर्डर मिलना बंद हो गए हैं। इसके चलते केवल स्थानीय ऑर्डर का ही काम किया जा रहा है। कारखानों में इस समय उत्पादन करीब आधा रह गया है।

# सेवानिवृत्त डॉ. देव कुलश्रेष्ठ की गोसेवा खास किस्म की

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर के सिविल लाइंस निवासी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सेवानिवृत्त डॉ. देव कुलश्रेष्ठ की गोसेवा खास किस्म की है। अपने घर में उन्होंने कई गाय और बछड़े पाल रखे हैं। खास बात है कि हर गाय और बछड़े का उन्होंने बच्चों की तरह नामकरण किया है जो उनके मुंह से अपना नाम सुन उनके पास पहुंच जाते हैं।

शहर में लोग अपने घर की सुरक्षा के लिए कुत्ते पालते हैं और घर के मुख्य दरवाजे पर बांध देते हैं, लेकिन सिविल लाइंस निवासी डॉ. देव कुलश्रेष्ठ गाय, बछड़ों को पालते हैं। घर के मुख्य दरवाजे पर ऋषक्ष ( सांड़ ) को बांधते हैं। घर में कोई भी आए तो वह अपनी आवाज से घर के लोगों को सचेत कर देता है। उन्होंने बताया कि उनके पिता महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ भी गाय पालते थे। जिसे देखकर मुझे प्रेरणा मिली। वहीं कक्षा 11वीं में भगवान राम के पूर्वज राजा दिलीप का पाठ पढ़ा, जिसमें गोसेवा का अध्ययन किया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में जयपुर रहकर नौकरी की। 2008 में सेवानिवृत्त होने के बाद यहां आ गए और गोपालन कर उनकी सेवा शुरू कर दी। हर गाय को नाम देकर उसको प्रशिक्षण भी दिया। डॉ. देव ने बताया कि पिछले साल करीब 15 गाय की सेवा किया करते थे, लेकिन चोट लगने की वजह से अब ज्यादा काम नहीं कर पाते हैं। वर्तमान में दो गाय दो ऋषभ व एक बछड़ा है। गाय के नाम रामा व लैली है, ऋषभ के नाम गोकरन व कान्हा तथा वहीं बछड़े का नाम जयरथ है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद एटा द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण को दी गयी भावभीनी विदाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस विभाग में निरन्तर सेवा प्रदान करते हुये अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक-27.02.2022 को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारीगण से उनका परिचय प्राप्त करते हुये, कर्मियों से सेवाकाल के अनुभव के विषय में जानकारी की गयी। विदाई समारोह में शॉल व माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर पुलिसकर्मियों को विदाई दी गई तथा उनके सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की गयी। समारोह के अन्त में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से भविष्य में किसी भी समस्या, शिकायत अथवा सहायता के लिए नि:संकोच होकर अपनी बात रखने के लिए बताया गया।


# डीबीटी की रकम से वंचित बच्चों के मामले में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों का बेतन रोका

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांजेक्शन ( डीबीटी ) के माध्यम से परिषदीय बच्चों को यूनिफॉर्म और जूते-मौजे के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जानी थी। इसमें लापरवाही बरतने वाले 38 शिक्षकों का वेतन रोका गया है। साथ ही इनकी सूची शासन को भेजी गई है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले डीबीटी के कार्य में लापरवाही बरती गई। इसकी वजह से 2293 बच्चों को सर्दी में जूते-मौजे और यूनिफॉर्म नहीं मिल सकी। इसको गंभीरता से लिया गया है और लापरवाही बरतने वाले 38 शिक्षकों की सूची महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक उप्र को भेजी गई है। बताया कि शैक्षिक सत्र में जूते-मौजे, स्वेटर, स्कूल बैग और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से 1100 रुपये दिए जाने थे। ये रकम अभिभावकों के खातों में भेजी जाती है। इसके लिए आधार कार्ड को खाते से लिंक कराने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों को ही दी गई है। डीबीटी की रकम से वंचित बच्चों के मामले में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और बीईओ को 24 फरवरी और बाद में 26 फरवरी तक जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया गया था। इनमें से 38 शिक्षकों की ओर से संतोषजनक जवाब दाखिल नहीं किया गया। वेतन रोकते हुए इनकी सूची कार्रवाई के लिए शासन को भेजी गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# यूक्रेन से वतन वापसी: पिता से लिपट खुशी से रो पड़ीं माधवी



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - यूक्रेन पर रूसी सेना का हमला, बिना खाने के साथ रोमानिया बार्डर पर पहुंचने की चुनौती उसके ऊपर माइनस छह से सात डिग्री सेल्सियस तापमान से रातभर जूझने का अनुभव ये विद्यार्थी ही नहीं किसी के लिए भी कठिन व चुनौती भरा होगा। ग्रीन पार्क निवासी मेडिकल छात्रा माधवी अरोरा के लिए भी ये भयावह था, लेकिन उन्होंने दिल्ली एयरपोर्ट पर पैर रखा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बाहर आकर अपने पिता के गले लगकर उनकी खुशी सातवें आसमान पर थी, इसकी गवाही उनके छलकते आंसू दे रहे थे। माता-पिता व दादी ने भी बेटी को गले से लगा लिया।

## पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने पुलिस जनदर्शन में आमजनता की सुनी समस्या




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-छत्तीसगढ़ शासन व पुलिस महानिदेशक द्वारा आमजनता की समस्याओं को सुनने एवं उसके निराकरण के लिए पुलिस जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए है जिसके परिपेक्ष्य में सोमवार, 28 फरवरी 2022 को जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश अग्रवाल ने जिला पुलिस कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। जनदर्शन में जिला कोरिया निवासी एक महिला ने भरण-पोषण की राशि के लिए पति के विरूद्व हाल ही में वारंट जारी होने की जानकारी दी जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जनदर्शन में मौजूद एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी को पीड़िता की शिकायत की जांच करने व वारंट की तामीली तत्काल कराने के निर्देश दिए। वहीं सूरजपुर निवासी एक महिला ने जमीन संबंधी विवाद, ग्राम केरता निवासी महिला ने घरेलू विवाद को लेकर परिजनों के द्वारा मारपीट करने की शिकायत दिया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना-चौकी प्रभारियों का शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में 18 लोगों के चरित्र सत्यापन की जांच कर प्रमाण पत्र जारी किए गए, 12 व्यक्तियों के पासपोर्ट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई एवं 12 प्रकरणों में राहत प्रकरण हेतु अंतिम जांच प्रतिवेदन जारी किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, डीएसपी ए.के.जोशी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जिले के चयनित हाट-बाजारों में होगा शिविर का आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनसम्पर्क विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तर पर चिन्हांकित हाट-बाजारों में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में राज्य सरकार के उपलब्धियों, विकास कार्यो और योजनाओं को छायाचित्रों एवं आकर्षक सनबोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी वाले पॉम्पलेट का नि:शुल्क वितरण भी किया जायेगा। सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन 02 मार्च से 11 मार्च तक सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन 02 मार्च से 11 मार्च 2022 तक विकासखण्डों के चयनित हाट-बाजारों में किया जायेगा। आयोजन की निर्धारित तिथि के अनुसार 02मार्च को प्रेमनगर विकासखंड के बकिरमा, 03 को विकासखण्ड प्रेमनगर के तारकेश्वरपुर, 04 को सूरजपुर विकासखंड के लटोरी,05 मार्च को करंवा , 06 को भैयाथान विकासखंड के बसदेई, 07 को बस्कर, 08 को रामानुजनगर विकासखंड के रामानुजनगर, 09 को ओड़गी विकासखंड के ओड़गी, 10 को रामानुजनगर विकासखंड के देवनगर, 11 मार्च 2022 को प्रतापपुर विकासखंड के प्रतापपुर में हाट-बाजार में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991

## 4 चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी निगरानी बदमाश सहित 2 गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




- घर के बाहर रखे छड़ तथा दुकान से नगदी रकम व कपड़ो को किया था चोरी
- 54 हजार कीमत के 8 बण्डल छड़, परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन व कपड़ा बरामद
- थाना जयनगर पुलिस की कार्यवाही

सूरजपुर- बीते 26 फरवरी को ग्राम सिलफिली निवासी आशीष कुशवाहा ने थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने निर्माणाधीन मकान के ढलाई के लिए 24 फरवरी को छड़ खरीद कर लाया था और मकान के बाहर रखा था 24.02.2022 के दरम्यिानी रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा 8 बण्डल छड को चोरी कर लिया गया, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 61/22 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने निगरानी बदमाशों, इस प्रकार की वारदात को पूर्व में अंजाम देने वाले लोगों से सूक्ष्मता से पूछताछ करने एवं मामले में आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में थाना जयनगर की पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी हुई थी इसी दौरान सोमवार को सूत्र से जानकारी मिला कि गणेशपुर निवासी गौरा उर्फ गौरांग वर्मन कुछ दिनों से रात्रि में 2-3 लोगों के साथ अपने पिकप वाहन में घुम-फिर रहा है जिसके बाद पुलिस ने संदेही गौरा उर्फ गौरांग को हिरासत में लिया। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने साथी रामबली राजवाड़े निवासी कनकपुर व 1 अन्य साथी के साथ मिलकर 24 फरवरी की रात्रि में निर्माणाधीन मकान के पास से छड़ को चोरी कर अपने पिकप वाहन में लोड़ कर रखना बताया, जिसके बाद आरोपी रामबली को हिरासत में लिया गया। दोनों आरोपियों से बारीकी से पूछताछ करने पर बताया कि सिलफिली मेन रोड़ स्थित शिवम कलेक्शन से कपड़ा व नगदी रकम, सिलफिली कुशवाहापारा लटोरी रोड़ स्थित पिंकू कुशवाहा के किराना दुकान में रखे गल्ला से नगदी रकम व किराना सामान तथा लटोरी बनारस रोड़ स्थित बनभौरी ट्रेडर्स के बाहर से करीब 2 माह पूर्व रात्रि में 46 बण्डल छड सरिया को पिकप वाहन से चोरी करना बताया। आरोपियों के निशानदेही पर आशीष कुशवाहा के चोरी हुए 8 बण्डल छड़ कीमत 54 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 29 एई 5506 कीमत 6 लाख रूपये, शिवल कलेक्शन से चोरी किया जींस कपड़ा जप्त कर आरोपी गौरा उर्फ गौरांग वर्मन पिता स्व. रतन वर्मन उम्र 52 वर्ष निवासी गणेशपुर एवं रामबली राजवाडे पिता रामबरन राजवाडे उम्र 19 वर्ष निवासी कनकपुर थाना जयनगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने बताया कि चोरी की रकम को खर्च कर दिए है। प्रकरण का आरोपी गौरा उर्फ गौरांग वर्मन थाना जयनगर क्षेत्र का निगरानी बदमाश है जो पूर्व में चोरी, नकबजनी, मारपीट सहित कई अन्य मामलों में गिरफ्तार होकर जेल में निरूद्ध रहा है। मामले में 2 आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर, एसआई दिनेश राजवाडे, एएसआई वरूण तिवारी, राकेश यादव, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक विकाश मिश्रा, रवि पाण्डेय, दीपक दुबे, जितेन्द्र सिंह, मितेश मिश्रा, जयप्रकाश यादव, नीरज झा व अविनाश कुजूर सक्रिय रहे।

## भाजपा शक्ति केंद्र मजबूती के लिए बनाई गई मजबूत रणनीति

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड- भाजपा मंडल बिश्रामपुर के शक्ति केंद्र दतिमा के शक्ति केंद्र में बैठक कर भाजपा शक्ति केंद्र को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाई गई इस मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा कि जो बूथ सही ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं उनके लिए रणनीति बनानी चाहिए उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन मजबूत होगा तो शक्ति केंद्र भी और मजबूत हो जाएगा पुष्पा सिंह जी ने बूथ पालक, बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं बूथ के बीएलए2 इन सबों की क्या दायित्व होती है उनके बारे में विस्तृत रूप से उन्हें जानकारी से अवगत कराया साथ ही साथ प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने बूथ के सभी सदस्यों की हर माह बैठक लेने के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष लीलू गुप्ता व अजा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भूषण बघेल ने कहा कि भाजपा की इलाके में और मजबूती के लिए भाजपा की रणनीति और जनहित के लिए चलाए जा रहे विकास कार्यो को घर घर पहुंचाने के लिए बूथ स्तर का सहयोग लिया जाएगा और विकास कार्यों के बारे बूथ में जो भी कार्य करता है वह विकास कार्यों की संपूर्ण जानकारी बूथ स्तर तक अवगत कराएंगे और अगली बैठक में मंडल द्वारा किए गए कार्यों पर भी चर्चा होगी। इस मौके पर बिश्रामपुर नगर पंचायत के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव मंडल के महामंत्री सतीश तिवारी मंडल के उपाध्यक्ष शंकर राजवाड़े, मंडल की मंत्री बॉबी सिंह, अल्पसंख्यक के मंडल अध्यक्ष जहांगीर अंसारी, बूथ के सचिव अनिल जायसवाल, आनंदपाल जायसवाल, अमर साय राजवाड़े, अलाउद्दीन अंसारी, बूथ के अध्यक्ष तुलेश्वर राजवाड़े देवधारी राजवाड़े, हौसला राजवाड़े, भारते, अमेश राजवाड़े, इश्फाक अंसारी रविंद राजवाड़े इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।